Title: Need to provide financial assistance to make Pyrate Phosphate chemicals Ltd., in Rohtas district of Bihar viable.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : सभापति महोदय, बिहार राज्य के रोहतास जिले के अमझोर के कैमूर श्रृंखला में बहुमूल्य गंधक अयस्क प्राइराइटस का अपार खनिज भंडार है। इसी प्राइराइटस पर आधारित वहां सन् १९८६ में भारत सरकार ने सिंगल सुपर फास्फेट खाद के कारखाने की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की। यह स्वीकृति एक पायलट प्लांट के रूप में थी ताकि इसकी सफलता का परीक्षण हो सके और यहां एक बड़ा कारखाना लगाया जा सके। यहां श्रमिक और सभी तकनीकी विशेषज्ञों के अथक परिश्रम से इस क्षेत्र में कामयाबी मिल चुकी है। किन्तु औद्योगिक नीति में उदारीकरण तथा सब्सीडी में कमी तथा बाजार में भारी प्रतिस्पर्धा के कारण हम बाजार से पर्याप्त धन नहीं जुटा सके। भारत सरकार के द्वारा पर्याप्त धनराशि भी नहीं मिल सकी।

भारत में गंधक तात्विक रूप में उपलब्ध नहीं है। सभी उर्वरक कंपनियां जो फास्फटिक उत्पादन कार्य में लगी हुई हैं उन्हें रासायन उद्योग स्ल्फूरिक एसिड उत्पादन के लिये ि वदेशों से सल्फर के आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। बिहार राज्य के रोहतास जिले के अमझोर में २७५ मिलियन टन सल्फर पाइराइटस के समतुल्य भंडारण है जो विश्व में सबसे बड़ा भंडार है। रटेंशन प्राइस योजना की स्कीम ते तहत भारत सरकार ने सिंगल सुपर फास्फेट(एस.एस.पी.) खाद के उत्पादन हेतु आयरन पाइराइटस के सल्फ्यूरिक एसिड उत्पादन के लिये भारत सरकार ने एक पायलट प्लांट की भी स्थापना की है जो १० वर्षों से चल रहा है परंतु वित्तीय अभाव के कारण यह प्लांट बंद होने के कगार पर है। इसमें लगे १५०० श्रमिक और पदाधिकारी के समक्ष भुखमरी की समस्या है।

अतः भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस संस्थान को विशेष स्कीम के तहत आर्थिक सहायता देकर बचाया जाये ताकि इसमें कार्यरत सभी श्रमिक की रक्षा हो सके।